आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 14.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के 15 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा स्थित आवास में स्मार्ट मीटर लगाया गया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में नेक्स्ट जनरेशन ई–हॉस्पिटल सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारम्भ किया।
- इसरो ने तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में एल.वी.एम–थ्री प्रक्षेपण यान के छठे मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी की।
- बागेश्वर जिले के गनी गाँव में बारिश से कच्चा मकान क्षतिग्रस्त, नौ लोग घायल, तीन की हालत गंभीर।

----------------

**स्मार्ट मीटर**

केंद्र सरकार की आर.डी.एस.एस. योजना के तहत पूरे राज्य में उत्तराखंड ऊर्जा निगम द्वारा बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा स्थित निजी आवास, तराई नगला परिसर में स्मार्ट मीटर लगाया गया। यह कदम प्रदेश के 15 लाख 87 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है, जिससे उत्तराखंड में अत्याधुनिक बिजली प्रबंधन की नई शुरुआत होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी से स्मार्ट मीटर की तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने स्मार्ट मीटर की पारदर्शिता और उपभोक्ता हितैषी तकनीक की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि जनता को इस योजना के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस नई तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित हों। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की आर.डी.एस.एस. योजना के तहत पूरे राज्य में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह अत्याधुनिक तकनीक उपभोक्ताओं को रियल–टाइम बिजली खपत की जानकारी, सही बिलिंग, बिजली चोरी में कमी और निर्बाध आपूर्ति जैसी कई सुविधाएं प्रदान करेगी।

**स्वास्थ्य सेवा**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में नेक्स्ट जनरेशन ई–हॉस्पिटल सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का शुभारम्भ किया। इसके तहत लेजर सर्जरी, ओ.पी.डी. हेल्प डेस्क, भूतल पर खून जांच व रिपोर्टिंग और कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड सहित अन्य नई सेवाओं की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही ओपीडी भवन के तृतीय तल पर मेडिसिन, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, नेत्र

विभाग और दंत रोग विभाग के ओपीडी पंजीकरण के लिए अतिरिक्त काउंटर भी शुरू किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन सभी सुविधाओं से मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएँ मिलेंगी और उनके तीमारदारों को भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि दून अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुये लगातार सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**छलड़ी–होली**

प्रदेश के कुमाऊं मंडल में आज छलड़ी–होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक–दूसरे पर अबीर गुलाल लगाया। अल्मोड़ा जिले में महिलाओं और पुरूषों की टोलियों ने घर–घर जाकर होली गायन किया। वहीं, राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ शाखा, अल्मोड़ा द्वारा दिव्यांगजनों के लिए होली का आयोजन किया गया। दिव्यांगजन नेहा आगरी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय दृष्टिहीन शाखा के महासचिव महेन्द्र सिंह अधिकारी ने कहा कि होली गायन की परम्परा को आगे आने वाली पीढ़ी को बनाए रखना होगा।

होलियार उर्मिला तिवारी का कहना है कि होली गायन की जो परम्परा कुमाऊं में है, ऐसी कही नहीं मिलती। यहां हर्षोल्लास के साथ होली मनाई जाती है।

उधर, बागेश्वर जिले में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक रंगों की बौछार और ढोल–मंजीरों की गूंज सुनाई दीं। लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर और गले मिलकर बधाइयाँ दीं। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने रंगों के इस पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया।

**इसरो**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने एल.वी.एम–थ्री प्रक्षेपण यान के छठे मिशन एल.वी.एम–एम सिक्स पर जाने वाले क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किया गया। प्रक्षेपण यान मार्क–तीन के रूप में भी जाना जाने वाला एल.वी.एम–थ्री इसरो द्वारा विकसित तीन–चरण वाला मध्यम–लिफ्ट प्रक्षेपण यान है। इसरो ने एक बयान में कहा कि प्रत्येक मिशन का क्रायोजेनिक इंजन उड़ान के लिए अपनी स्वीकृति प्रक्रिया के हिस्से के रूप में हॉट टेस्टिंग से गुजरता है। इसरो के अनुसार

अभिनव परीक्षण पद्धति क्रायोजेनिक इंजन की उड़ान स्वीकृति, परीक्षण के लिए आवश्यक सेटअप समय और प्रयास को काफी कम कर देती है।

**मौसम**

प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, जबकि निचले हिस्सों में रुक–रुक कर हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है। कल रात से चारधाम सहित हर्षिल, चोपता, औली में बर्फबारी हुई। वहीं, राजधानी देहरादून सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस बीच, मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के अधिकांश ज़िलों में बारिश का यह दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। साथ ही कल 3200 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी का अनुमान भी व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने आज पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और झोंकेदार हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, शेष सभी जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**बारिश / मकान क्षतिग्रस्त**

बागेश्वर जिले की गरुड़ तहसील के गनी गाँव में आज सुबह हुई बारिश के कारण एक कच्चे आवासीय मकान के क्षतिग्रस्त होने से पांच बच्चे और एक महिला समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चों और एक महिला को गंभीर चोट पहुंची है। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायलों को मलबे से बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मकान की दीवारें और छत पहले से कमजोर थीं। वहीं जिला प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाएगा और जरूरतमंदों को अस्थायी आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

**दुर्घटना मृत्यु**

देहरादून जिले के चकराता स्थित लोखंडी में एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज सुबह हादसे की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया।

**मोबाइल पासपोर्ट कैंप**

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, देहरादून की ओर से मोबाइल वैन कैंप के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में पासपोर्ट बनवाए जा रहे हैं। अब तक पांच कैंप लगाकर 600 से अधिक पासपोर्ट बनाए जा चुके हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, विजय शंकर पांडेय ने बताया कि अगाामी 19 मार्च से 21 मार्च तक रुद्रप्रयाग जिले के क्रीड़ा भवन, अगस्त्यमुनि में मोबाइल वैन कैंप आयोजित किया जा रहा है।

.................